





# नर्मदा नदी के बड़े पुल के पास नए घाट निर्माण के लिए भूमिपूजन

▶ छोटी कसरावद पुल के पश्चिम में शिवांगी सद्गुरु धाम के होगा सामने

**बड़वानी, ( नवभारत )।** सरदार सरोवर बांध की डूब के मद्देनजर जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर नर्मदा के बड़े पुल के किनारे-किनारे नए घाट निर्माण का भूमिपूजन सोमवार सुबह 10 बजे से किया गया। यह घाट का निर्माण छोटी कसरावद पुल के पास पश्चिम दिशा में शिवांगी सद्गुरु धाम के सन्मुख हो रहा हैं। परम पुज्य स्वामी राघवेंद्रानंद महाराज के सानिध्य में यह भूमिपूजन किया गया।

पंडित रवींद्र धीरज पांडे ने भूमिपुजन संपन्न कराया। इस अवसर पर नर्मदा भक्त मौजूद रहे। स्वामी राघवेंद्रानंद जी ने कहा कि यह घाट का निर्माण शिवांगी सदगुरु धाम अंतर्गत बनाया जा रहा है, जो छोटी कसरावद में नर्मदा के बड़े पुल के पास है। यह घाट का निर्माण जनसहयोग से हो रहा है। फिलहाल बांध के उच्च लेवल 138 मीटर की ऊंचाई से बनाया जा रहा है। इसके बाद इसे बैकवाटर उतरने पर मां नर्मदा के सामान्य लेवल तक विस्तार किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

नर्मदा भक्त अजयसिंह ठाकुर ने कहा कि नर्मदा बैकवाटर 138 मीटर लेवल पर घाट निर्माण शुरु किया है। बैकवाटर उतरने के लेवल तक जन सहयोग से घाट का विस्तार किया जाएगा। शासन-प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा है। बांध की डूब के बाद सरकार की ओर से कोई निर्माण नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में शहर के करीब नर्मदा किनारे इस उपयुक्त स्थान पर डूब के उच्च लेवल पर बनने वाले घाट पर शासन का सहयोग मिलता है, तो यह घाट और भव्य रुप में बनेगा और श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

# कृषि कारोबारियों की सांकेतिक हड़ताल, ज्ञापन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर सहित देश भर में एग्रो इनपूट डिलर्स एसोशियन नई दिल्ली के आह्वान पर देश भर में सोमवार को कृषि आदान केंद्रों को बंद रख 1 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। साथ ही अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे को सौंपा है।

ओमप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि संगठन 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है और संगठन द्वारा पिछले 10 सालों से लगातार समस्याओं का सामना किया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के सम्बंधित अधिकारियों तक बार-बार निवेदन किए जाने के बाद भी निराकरण नहीं हो रहा है। जिसके कारण देश भर में कृषि आदान व्यापारियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल रख समस्याओं का निराकरण के लिए निवेदन किया।

### दुकानदारों ने कहा

दुकानदारों के अनुसार उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित करने, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय की तर्ज पर पूरे देश में अनुदानित उर्वरक के साथ गैर अनुदानित उत्पाद बेचने की बाध्यता पर रोक लगाने। बढ़ती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 करने खाद बीज एवं कीटनाशक के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को अपराधी नहीं, बल्कि केवल गवाह मानने का उल्लेख करते हुए बताया कि विक्रेता जिला कृषि अधिकारी से प्राप्त लाइसेंस के आधार पर केवल सीलबंद माल बेचता है। गुणवत्ता की पूर्ण जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए। कंपनियों के लिए पुराने या एक्सपायर्ड स्टॉक को वापस लेना कानूनी रूप से अनिवार्य किया जाना चाहिए। नए बीज अधिनियम और कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलर को प्रथम पक्ष ( फर्स्ट पार्टी ) बनाने के कठौर प्रावधान को शिथिल करते हुए, किसानों द्वारा झूठी शिकायतें करते हुए व्यापारियों को ब्लैकमेल किया जाता है।

ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के पहले जिला स्तर पर एक कमेटी बनाई जाए, उसके अनुशंसा के बाद ही कार्रवाई करने, छोटी-मोटी बातों पर उप संचालक कृषि द्वारा लाइसेंस निलंबित किए जाने पर 21 दिन में स्वत: बहाली का प्रावधान की मांग की के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा है।






### बाजारों में बंद नजर आई दुकानें

नगर के विकास एग्रो, राज एग्रो, मयंक एग्रो, शर्मा एग्रो सहित अन्य दुकानें बंद नजर आई। ज्ञापन का वाचन सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों सहित नगर एवं ग्रामों के कृषि केंद्रों के संचालक मौजूद रहे। वहीं पदाधिकारियों ने संगठन के निर्देश के बाद आगामी समय में अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की भी बात कही है।

# गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करें, सौंपा ज्ञापन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** क्षेत्र के गौरक्षा दल सदस्यों द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग के लिए दुर्गा मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा है।



ज्ञापन सौंपने के दौरान लोगों ने बताया कि आए दिन गौ वंश की तस्करी एवं गौ हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिसे रोकने के लिए हिंदू संगठनों एवं सकल हिन्दू समाजजनों द्वारा ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन उसके बावजूद भी इस विषय पर कोई ठोस कदम अभी तक देखने को नहीं मिला है।

अंकित प्रजापति ने बताया कि सनातन धर्म में गौमाता की सेवा एवं गौ पुजन का विशेष महत्व है। इसलिए गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए। उनके द्वारा एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ करीब 3 हजार व्यक्तियों के हस्ताक्षर का समर्थन पत्र भी सौंपा गया। इस दौरान जलधारा तपस्वी बाबा बालकमुनि सहित गौरक्षा दल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सकल हिन्दू समाजजन शामिल रहे।

## बड़वानी में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

**बड़वानी।** जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 29 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे से जनजातीय कार्य विभाग के सभाकक्ष में किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ काजल जावला से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक के दौरान पूर्व बैठक का कार्रवाई विवरण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान साथ ही इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जाएगी।

# 10वीं के छात्रों के लिए लग रही विशेष क्लास

**बड़वानी, ( नवभारत )।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार और आगामी परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने विशेष पहल की जा रही है। विद्यालय द्वारा पारिवारिक या व्यक्तिगत कारणों से नियमित अध्ययन नहीं कर पाए और परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।



विद्यालय द्वारा द्वितीय अवसर परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। ताकि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी विषयों में सफलता प्राप्त कर सके। विद्यालय द्वारा नियमित परीक्षण, पुनरावृत्ति एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की गई है। विद्यालय परिवार का मुख्य उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम में सुधार करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को सफलता की दिशा में प्रेरित एवं सक्षम बनाना है।

## डीसीए रेड ने जीता फायनल



**बड़वानी।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ग्रीष्म कालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर समापन हुआ। शिविर में पीएम श्री एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय मैदान पर अंडर 16 की टीमों की ट्राई सीरीज हुई। सीरीज का फायनल मैच डीसीए ब्ल्यू और डीसीए रेड के बीच खेला गया। डीसीए रेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन बनाए। वहीं जवाब में उतरी डीसीए ब्ल्यू ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 160 रन बनाए तथा डीसीए रेड ने 5 रन से मैच जीता। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। साथ ही मेन ऑफ द सीरीज वत्सल पटेल, बेस्ट बैटर केतन भायल, बेस्ट बॉलर वर्धन मेवाड़ा, मेन ऑफ द फायनल अश्विन जमरे को दिया गया। इस दौरान एसोसिएशन उपाध्यक्ष काली चरण तिवारी, विजय गुप्ता, सागर बरडे, मोहित बरफा, नमन गेहलोत उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

**आलीराजपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पूरे मध्यप्रदेश में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर श्री संजीव सचदेवा द्वारा केन्द्रीय जेल ग्वालियर से किया गया। जिला जेल आलीराजपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष द्वारा बंदियों को जेल लोक अदालत एवं नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लोक अदालत न्याय प्राप्त करने का सरल, सुलभ एवं त्वरित माध्यम है, जिससे पक्षकारों को शीघ्र और संतोषजनक समाधान प्राप्त होता है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जेल लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य बंदियों को शीघ्र न्याय दिलाना है। ऐसे प्रकरण जो राजीनामा योग्य हैं, उन्हें आपसी सहमति से लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जा सकता है। शिविर में बंदियों को प्ली बारगेनिंग, अपील के अधिकार, प्री-मेच्योर रिहाई तथा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जेल कर्मचारी और जेलबंदी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने व्यायामशाला का किया निरीक्षण, नियमित रखरखाव करने के दिए निर्देश

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में खेल विभाग के तत्वाधान में स्थापित व्यायामशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यायामशाला में उपलब्ध उपकरणों एवं सामग्री की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर माथुर ने जिला खेल अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उपकरणों का समय-समय पर सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने व्यायामशाला की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित समय पर इसे खोलने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग और व्यायाम अपनाने की सलाह दी। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### विधायक सेना महेश पटेल का विधानसभा में भाजपा पर प्रहार, महिलाओं के नाम पर सिर्फ दिखावटी राजनीति कर रही सरकार

**आलीराजपुर।** विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने पहुंचीं आलीराजपुर जिले की जोबट विधायक सेना महेश पटेल ने सदन के बाहर भाजपा सरकार पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं को राजनीतिक अधिकार देने का वास्तविक काम कांग्रेस ने किया है। विधायक सेना महेश पटेल ने कहा कि जनपद पंचायत, जिला पंचायत, नगरीय निकाय चुनावों में महिलाओं को भागीदारी और वोट के अधिकार को मजबूत करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया, जिसका परिणाम आज पूरे देश और प्रदेश में दिखाई दे रहा है, जहाँ महिलाएं नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल झूठ बोलकर महिलाओं के नाम पर राजनीति करना चाहती है। अगर भाजपा सरकार सच में महिलाओं की हितैषी है तो केवल निंदा प्रस्ताव लाने से काम नहीं चलेगा, उसे तत्काल लोकसभा की 543 सीटों और मध्यप्रदेश विधानसभा की 230 सीटों पर महिला आरक्षण लागू करने की स्पष्ट घोषणा करनी चाहिए। सेना महेश पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा लाया जा रहा निंदा प्रस्ताव सिर्फ़ एक राजनीतिक दिखावा है, जिसका कांग्रेस विधायक दल सदन में पुरज़ोर विरोध करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का महिलाओं के प्रति रवैया संवेदनशील नहीं बल्कि विरोधी है। सरकार मंचों से महिला सम्मान की बात करती है, लेकिन अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे हट जाती है। यह दोहरा चरित्र अब प्रदेश की महिलाएं समझ चुकी हैं। विधायक ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में वास्तविक भागीदारी दिलाने के पक्ष में है, जबकि भाजपा केवल प्रचार और प्रपंच में लगी हुई है।

# समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



▶ तहसील कार्यालय पर एकत्रित हुए बड़ी संख्या में कारोबारी

**राणापुर। झाबुआ जिला खाद, बीज एवं दवाई विक्रेता संघ के बैनर तले राणापुर के कृषि आदान व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।**

व्यापारियों ने बताया कि वे लंबे समय से खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यवसाय से जुड़े हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से उन्हें विभिन्न प्रशासनिक और व्यावसायिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं हो पाया है। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी समय में सांकेतिक हड़ताल जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से खाद पर जबरन लिंकिंग बंद करने, उर्वरकों की आपूर्ति सीधे विक्रेताओं के विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित करने, बढ़ती लागत को देखते हुए डीलर मार्जिन बढ़ाने, साठी (ररुरु॥द्ध) पोर्टल की अनिवार्यता में राहत देने सहित कई मांगें शामिल हैं। इसके अलावा अवैध बीज बिक्री पर रोक, एक्सपायर्ड कीटनाशक वापस लेने की व्यवस्था, लाइसेंस प्रक्रिया में सुधार और ई-टोकन प्रणाली को स्थगित करने जैसी मांगें भी रखी गईं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान नियमों के कारण छोटे व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बन रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नीतियों में संशोधन किया जाए। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष पंकज जागेटिया सचिव संदेश सेठिया जगदीश प्रजापत कीर्तन अमल यार मुकेश नागौरी कोमल सिंगार सुनील सोलंकी पंकज पाटीदार संजय अमलियात सिकंदर ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह ज्ञापन केवल व्यापारियों के हित में ही नहीं, बल्कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भी दिया गया है, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो। तहसीलदार ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्च स्तर पर भेजा जाएगा और उचित कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# राणापुर में श्रद्धा-उत्साह के साथ मनाया 2582वां जिन शासन स्थापना दिवस



**राणापुर।** चैत्र सुदी एकादशी के पावन अवसर पर आज नगर में जैन समाज द्वारा 2582वां जिन शासन स्थापना दिवस अत्यंत भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज ही के दिन श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने पावापुरी नगरी में चतुर्विध श्रीसंघ की स्थापना कर शासन की नींव रखी थी, जिसका स्मरण करते हुए समाजजनों ने धर्म आराधना के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस गौरवशाली दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक रूप से पञ्चवर्ण ध्वज फहराया गया और प्रभु महावीर के जयकारों के साथ शासन की महत्ता को दोहराया गया। स्थापना दिवस की खुशियों को साझा करते हुए परिषद द्वारा सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को पे? की प्रभावना वितरित की गई। ललित जैन ने बताया इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष चंद्रसेन कटारिया, परिषद् अध्यक्ष प्रवीण नाहर, दिनेश नाहर, कल्पेश जैन, पवन नाहर, संचित कटारिया, गौरव जैन, भाविक कटारिया, प्रणय कटारिया के साथ महिला परिषद् अध्यक्ष सुनीता कटारिया, मनोरमा सालेचा सहित अनेक महिलाएं ने उपस्थित हो कर शासन सेवा का संकल्प लिया और एक-दूसरे को इस पावन दिवस की बधाई प्रेषित की।

# कलेक्टर ने की जल गंगा अभियान की समीक्षा

**आलीराजपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली आगामी बैठक के बिंदुओं पर विभागवार विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।**

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि समय सीमा से बाहर होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर अर्थदंड लगाया जाए। साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए हॉस्टल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर माथुर ने इसे राष्ट्र का महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता से इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने-अपने विभागों के कर्मचारियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने और स्व-गणना करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वीरेंद्र बघेल, निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने गेहूं खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा चांदपुर रोड स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आलीराजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन प्रभारी नयन वाणी उपस्थित पाए गए, वहीं उपायुक्त सहकारिता श्री जी.एल. सोलंकी भी मौके पर मौजूद रहे।

कलेक्टर माथुर ने गोदाम से गेहूं के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता (ख्वक्त) का परीक्षण किया तथा खरीदी प्रभारी से इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। खरीदी प्रभारी के अनुसार जिले में अब तक 12 किसानों से कुल 178.27 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर कलेक्टर माथुर ने भोपाल स्थित खाद्य विभाग को अवगत कराते हुए समस्या के शीघ्र समाधान के करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही केंद्र पर शासन द्वारा निर्धारित सभी बिंदुओं की समीक्षा की गई और बारदानों के स्टॉक का निरीक्षण किया गया, जो पर्याप्त मात्रा में पाया गया। कलेक्टर माथुर ने नागरिक आपूर्ति निगम के सर्वेयर के समय पर उपस्थित नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के केंद्र प्रभारी श्री उमराव सिंह सोलंकी भी उपस्थित रहे और उन्होंने गेहूं की गुणवत्ता संबंधी जानकारी कलेक्टर को दी। साथ ही उन्होंने खाद्य विभाग आलीराजपुर को केंद्र पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश भी दिए।

